बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

पू.उ.प्र.अं./43/एसएलबीसी/जून 2017/429 13.12.2017

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र

महोदय/महोदया,

विषय :- राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की जून 2017 हेतु समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

कृपया राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की त्रैमासान्त जून 2017 को समाप्त तिमाही हेतु आयोजित बैठक दिनांक 20.09.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस क्रम में उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त आपकी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है। हम आपको अवगत कराना चाहते हैं कि संलग्न कार्यवृत्त को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) की वेबसाइट www.slbcup.com पर अपलोड कर दिया गया है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया विभिन्न कार्य बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अद्यतन प्रगति हमें प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि तदनुसार आगामी बैठक में इसका समावेश किया जा सके।

भवदीय,

(पंकज श्रीवास्तव)
उप महाप्रबन्धक

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, पूर्वी उ.प्र. अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ –226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Eastern U.P. Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
फोन/Phone:6677607 (GM), 6677609(Sectt.), 6677722(AGM), 6677721, 6677725 (Deptt.) फैक्स/Fax:0522-6677726, 6677732
ई–मेल/E-mail:slbc.up@bankofbaroda.co.in वेबसाइट/Website : www.slbcup.com

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की सितम्बर 2017 तिमाही की दिनांक 20.09.2017 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की जून 2017 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 20.09.2017 को "महाराजा सयाजीराव गायकवाड सभागार", बड़ौदा हाउस, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता श्रीमती पपिया सेन गुप्ता, कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, मुम्बई द्वारा की गयी।

बैठक में श्री नवनीत सहगल, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव (के.वी.आई.बी.); श्री पवन कुमार, आई.ए.एस., विशेष सचिव (कृषि); श्री अमृत त्रिपाठी, आई.ए.एस., विशेष सचिव (संस्थागत वित्त), श्री अविनाश कृष्ण सिंह, आई.ए.एस., मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी एसं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ; श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ; श्री मनमॉय मुखर्जी, महाप्रबन्धक, नाबार्ड की उपस्थिति प्रमुख रही। विभिन्न बैंको/वित्तीय संस्थाओ के वरिष्ठ कार्यपालकों तथा राज्य व केन्द्र सरकार के उच्चाधिकारियों ने भी इस बैठक मे सहभागिता की। बैठक मे भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ मे श्री बी. एस. ढ़ाका, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला:

1. प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप स्कीम - "उत्तर प्रदेश फसल ऋण मोचन योजना, 2017" का क्रियांवयन इस तिमाही में प्रारम्भ हुआ तथा पहले चरण का कार्य सम्पन्न हो चुका है। ऋण मोचन योजना बैंको के लिए एक चुनौतीपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। जहाँ एक ओर बैंको के एन.पी.ए. पर नियंत्रण हुआ है वही दूसरी ओर Outstanding Direct Agriculture, Priority Sector & Weaker Section portfolio में सीधी गिरावट देखने को मिली है। हमें इस स्थिति से शीघ्र उबरना होगा।
2. वर्ष 2017-18 हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं के जनपदवार/ बैंकवार लक्ष्य नोडल एजेंसीज से प्राप्त कर सभी सम्बन्धित को प्रेषित कर दिये गये हैं एवं इन योजनाओं की प्रगति समीक्षा उच्चतम स्तर पर निरंतर की जा रही है परंतु अभीतक की प्रगति संतोषजनक नहीं रही है। आगामी त्यौहारो का मौसम, रबी फसल और अच्छा मानसून ऐसे अवसर हैं जिनका लाभ उठाते हुए Target Group की ऋण आवश्यकताएँ समय रहते पूरी की जा सकती है।
3. विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करने पर पाया गया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ऋण प्रवाह इन योजनाओं का एक महत्वपूर्ण घटक परिलक्षित होता है। विभिन्न योजनाओं यथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM); राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM); उ.प्र. सोडिक भूमि विकास कार्यक्रम एवं नाबार्ड द्वारा संचालित SHG - Bank Linkage Programme में SHG Lending पर बहुत जोर दिया जा रहा है। सभी सम्बन्धित बैंको एवं संस्थाओं के सम्मिलित प्रयासों से प्रदेश में SHG Movement को पुन: गति देने की अपेक्षा है एवं इस हेतु सभी से अपील है।
4. प्रधानमंत्री आवास योजना पर गत वर्ष से विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा हो रही है। दिनांक 28.06.2017 को सम्पन्न हुई एस.एल.बी.सी. की मीटिंग के पश्चात प्रदेश में इस योजना के क्रियांवयन में गति आई है। सभी सम्बन्धित पक्षकारों (Stake Holders) से अनुरोध है कि इस पुनीत कार्य में सहभागिता करें।
5. दिनांक 01 सितम्बर 2017 को राज्य सभा की प्रवर समिति द्वारा प्रदेश में एम.एस.एम.ई., प्राकृतिक आपदा, एन.पी.ए. एवं स्ट्रैस्ड एसेट्स तथा विमुद्रीकरण के पश्चात बैंक पर पड़ने वाले प्रभावों पर बैंकर्स से चर्चा की गई।
6. प्रदेश में -25,000- नई बैंक शाखाओं की स्थापना के संकल्प बिन्दु के अंतर्गत गठित उपसमिति की -2- बैठको का आयोजन हमारे बैंक द्वारा किया जा चुका है और आगामी बैठक शीघ्र ही प्रस्तावित है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्गत निर्देशों जिसके अंतर्गत बैंकिंग आउटलेट को परिभाषित किया गया है, के क्रम में बैंको द्वारा विभिन्न केन्द्रों पर बैंकिंग आउटलेट की स्थापना हेतु मैपिंग का कार्य किया जा रहा है तथा शीघ्र ही इस दिशा में प्रगति परिलक्षित होगी।

7. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 25.09.2017 से 17.10.2017 तक वित्तीय समावेशन कैम्पों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित करने के निर्णय से अवगत कराया गया जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के -4- जनपदों यथा वाराणसी (02.10.2017); मेरठ (06.10.2017); लखनऊ (07.10.2017) एवं गोरखपुर (14.10.2017) में कैम्पो के सफल आयोजन हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स यथा सम्भव सहयोग की अपील की।

अपने स्वागत सम्बोधन के अंत में उन्होंने सभी स्टेक होल्डर्स से विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियांवयन हेतु पुन: अनुरोध किया एवं एस.एल.बी.सी. से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं व विवरणियों के सही व ससमय प्रेषण करने की आवश्यकता बतायी।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में श्रीमती पापिया सेन गुप्ता, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सभागार में उपस्थित अतिथियों का अभिवादन एवं उनका स्वागत करते हुए कहा कि एस.एल.बी.सी., उ.प्र., प्रदेश के विकास में सुचारू रूप से महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित कर रही है तथा इसका श्रेय उ.प्र. शासन, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, विभिन्न विभागो द्वारा दिये गये योगदान तथा समस्त बैंकर्स को जाता है। इसी क्रम में उन्होंने उल्लेख किया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भारत में तीसरे स्थान पर है। यहाँ पर 70% आबादी मुख्य रूप से कृषि व कृषि आधारित व्यवसाय/ रोजगार पर निर्भर है। प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में 55% सेवा क्षेत्र का 23% औद्योगिक एवं निर्माण गतिविधियों का तथा 22% कृषि तथा कृषि आधारित गतिविधियों का योगदान है। प्रदेश में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में है जो कि एफ.डी. आई. को मुख्यत: साफ्टवेयर एवं इलेक्ट्रानिक क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित करता है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में सकल घरेलू उत्पाद को कृषि एवं कृषि आधारित 22% के वर्तमान अंश को बढाने के लिए, प्रदेश सरकार एक निर्धारित प्रारूप पर कार्य कर रही है तथा उसी दिशा में समस्त बैंक, वित्तीय संस्थाएँ, राज्य सरकार के अन्य उपक्रम एवं विभाग, नाबार्ड आदि सभी एक जुट होकर "किसानों की आय 2022 तक दोगुनी" करने के राष्ट्रीय मिशन हेतु प्रयासरत है।

राज्य वार्षिक कार्य योजना 2017-18, रू. 32560.59 करोड़ (19.34%) की वृद्धि के साथ तैयार कर ली गयी है। इसके अतिरिक्त इस बैठक में कैश क्राप (Cash Crop) के उत्पादन एवं इसकी बिक्री व्यवस्था पर ध्यान देना होगा ताकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) हासिल की जा सके। वेयर हाउसिंग एवं कृषि उपज, कृषि फसलों के बीमा आदि ऐसे प्रमुख विषय है जिनको प्रदेश में लागू करने हेतु निरंतर चर्चा की जानी चाहिए।

पुन: उन्होने सदन में उपस्थित उच्चाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों के समक्ष बैंकिंग परिदृश्य के बदलते हुए उस स्वरूप पर प्रकाश डाला, जिसका प्रभाव वैश्विक एवं भारतीय अर्थव्यवस्था पर परिलक्षित होता है।

National Statistical Organization, Data Stream व IMF के मतानुसार, वित्तीय वर्ष 2017 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर 3% रही। वित्तीय वर्ष 2018 में भी इसके 2.90% रहने का अनुमान है। इसी प्रकार वैश्विक स्फीति 2017 में 2.6% तथा वर्ष 2018 में 2.5% तथा आगे के वित्तीय वर्षों यथा 2019 से 2023 तक औसतन 2.5% अनुमानित है।
साथ ही साथ भारत में भी सकल घरेलु उत्पाद वर्ष 2017 में 7.3%, 2018 में 7.50% तथा औसतन 6.5% आगामी वर्षों यथा 2019-23 तक अनुमानित है। इसी अवधि में मुद्रा स्फीति की दर भी अनुमानित 4.8%, 4.9% तथा 5% रहने की सम्भावना है।

वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था भी मुख्य अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप, वृद्धि की ओर सकारात्मक रूप से चल रही है। वित्तीय वर्ष 2018 में भारतीय अर्थव्यवस्था उच्चतर स्तर को पार करने का संकेत दे रही है क्योंकि भारत सरकार द्वारा इस दिशा में उठाये जा रहे कदम एवं अनुकूल आर्थिक परिस्थितियाँ वर्षभर एक समान रहने की उम्मीद है। वर्ष 2018 में सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर किये जाने वाले व्यय, अच्छा मानसून, दिनांक 01.07.2017 से लागू नई कर प्रणाली- जी.एस.टी. जैसी व्यवस्थाएँ आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रभावी कारक सिद्ध होंगे। फिर भी कुछ मुद्दे यथा, मुद्रास्फीति में बढोत्तरी, मुख्यत: कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोत्तरी, निवेश व अग्रिम में कमी, गैरनिष्पादक आस्तियों में बढ़ोत्तरी, भारतीय रूपये के मूल्य के सापेक्ष अनिश्चितता तथा अन्य वैश्विक आर्थिक परिस्थितियाँ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती है।

विश्व बैंक के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्ष 2016-17 में 7% की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई जो 2017-18 में 7.6% एवं 2018-19 में 7.80% अनुमानित है। सुश्री क्रिस्टालीना जोर्जिवा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विश्व बैंक के कथनानुसार विमुद्रीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशा है। भविष्य में भारत में डिजिटल संव्यवहार से भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत होगी।

भारत वर्ष विश्व की तीसरी बडी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था होने की आशा है। बॉस्टन कंसलटिंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार उपभोक्ता व्यवहार और व्यय व्यवहार के रूझान में बदलाव के फलस्वरूप भारत 2040 तक अमेरिका को भी पीछे छोड कर Purchasing Power Parity के आधार पर विश्व की दूसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन जायेगी।

<u>राज्य के महत्वपूर्ण संकेतक- व्यवसाय वृद्धि, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की स्थिति एवं शाखा प्रसार योजना आदि</u>

दिनांक 30.06.2017 को कुल जमा और अग्रिम क्रमश: रू. 873172.60 करोड़ एवं रू. 408390.83 करोड़ के स्तर पर पहुँच गया है। जहाँ 31.03.2017 के सापेक्ष जमा में रू. 2284.26 करोड़ की गिरावट दर्ज हुई है वहीं पिछली तिमाही के सापेक्ष अग्रिम में रू 3850.92 करोड़ की वृद्धि पायी गई।
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, कृषि निवेश एवं दुर्बल आय वर्ग बैंचमार्क स्तर 40%, 18% एवं 10% के सापेक्ष प्रदेश में यह स्तर क्रमश: 64.54%, 31.90% एवं 20.24% के स्तर पर है जो कि सकारात्मक रूझान को इंगित करता है।

विभिन्न बैंको द्वारा जून 2017 तिमाही तक 130 नई बैंक शाखाएँ प्रदेश में खोली गई। तदनुसार प्रदेश में कुल बैंक शाखाओं की संख्या 18388 हो गई है। पुन: एस.एल.बी.सी., उ.प्र. ने सदस्य बैंको से विचार विमर्श कर भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 30.12.2015 के दिशा निर्देश के आधार पर मार्च 2017 तक 571 शाखाओं के खोलने का रोडमैप तैयार किया था। भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय ने अपने पत्र दिनांक 08.06.2017 के माध्यम से एस.एल.बी.सी. के संयोजन में समस्त बैंको को इन केन्द्रो पर सीबीएस युक्त शाखाएँ खोलने एवं भारतीय रिजर्व बैंक को 31.12.2017 तक अवगत कराने के निर्देश जारी किये है। इस लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक इनमे से 56 शाखाएँ ही खोली जा सकी है। इस प्रक्रिया में त्वरित गति लाने की आवश्यकता है। पुन: भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पत्र दिनांक 18.05.2017 के माध्यम से "The Banking Outlet" परिभाषित की है। इस परिभाषा के अनुसार विभिन्न बैंको ने 79 Banking Outlet खोले है। इस प्रकार 135 बैंकिंग शाखाएँ अब तक खोली जा चुकी है।

<u>वार्षिक ऋण योजना (ACP) 2017-18 के अंतर्गत प्रदर्शन -</u>

उत्तर प्रदेश में बैंको द्वारा निर्धारित वार्षिक ऋण वितरण लक्ष्य रू. 200958.25 करोड़ के सापेक्ष समीक्षा अवधि तक रू 32489.21 करोड़ ऋण वितरण कर 16.17% का स्तर प्राप्त किया गया है। निश्चित रूप से यह उपलब्धि

वांछित स्तर के अनुरूप नही है क्योकि उ0 प्र0 कृषि ऋण मोचन योजना, 2017 जिसके अंतर्गत लगभग 50 लाख लघु एवं सीमांत किसान लाभांवित होने की सम्भावना है, के कारण ऋण निवेश प्रभावित हुआ है।

ऋण मोचन योजना से किसानों को पुन: ऋण निवेश के अवसर बैंको को मिलेंगे। सभी स्टेक होल्डर्स से अनुरोध है कि अच्छे मानसून एवं आगामी रबी मौसम का लाभ उठाते हुए कृषि ऋण वितरण में बढ़ोत्तरी करें और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना सर्वोत्तम योगदान दें।

<u>वित्तीय समावेशन योजना (FIP)- विभिन्न योजनाएँ और पहल -</u>

वित्तीय समावेशन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता एवं बैंको के लिए व्यवसाय वृद्धि का उचित अवसर भी है अत: हमें इसके महत्व को समझते हुए इस ओर अपने प्रयासों को सघन करने की आवश्यकता है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री जन धन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.); प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.) और अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.) में बेहतर प्रदर्शन हुआ है। इस योजनाओं के कार्यान्वयन की विभिन्न स्तरों पर प्रशंसा हुई है। फिर भी रूपे डेबिट कार्ड, पिन वितरण, ओवर ड्राफ्ट सुविधा प्रदान करना, इन खातों का नियमित संचालन करने के लिए खाताधारकों को प्रेरित करना, शाखाओं को बीमा निस्तारण प्रक्रिया, AEPS, व्यवसाय प्रतिनिधियों (BC) के प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना आदि क्षेत्रों में अभी भी सघन प्रयास करने की आवश्यकता है।

अटल पेंशन योजना की वर्तमान प्रगति के बारे मे उन्होंने सदन को अवगत कराया कि राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक 8.50 लाख ग्राहक प्रदेश में इस योजना में नामांकन करवा चुके है। दिनांक 11.08.2017 को एस.एल.बी.सी. उत्तर प्रदेश को नई दिल्ली में एन.पी.सी.आई., भारत सरकार द्वारा अटल पेंशन योजना में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु अभिनन्दन किया गया।

चूँकि बैंको के सभी मौजूदा खातों का आधार सत्यापन का कार्य 31.12.2017 तक सम्पादित होना है। अत: बैंको को इस दिशा में सघन प्रयास करने है। हाल ही में भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त अधिसूचित बैंको को प्रत्येक 10 शाखा पर एक शाखा परिसर में आधार नामांकन सुविधा स्थापित करना है जिसके लिए भी विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) बैंको को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

वित्त मंत्रालय, संस्थागत वित्त निदेशालय, भारत सरकार के विभिन्न निर्देशों के अनुपालन मे बैंको में स्कूल बैंक चैम्प कार्यक्रम, जन धन शिक्षा, कौशल विकास केन्द्रों एवं वित्तीय साक्षरता एवं ऋण सलाहकार केन्द्रों के बीच समंवय जैसे महत्वपूर्ण कार्य हो रहे है।

<u>किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना:</u> योजनांतर्गत 7.12 लाख किसानों को 30.06.2017 तिमाही तक किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जा चुके है। बैंको द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सफलतापूर्वक लागू की जा रही है। प्रदेश में इस कार्य की हर स्तर पर प्रशंसा की गई है। सभी से मेरा अनुरोध है कि सभी पात्र ऋणी कृषकों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया जाये जिससे प्रभावित कृषकों, यदि कोई, को योजना का लाभ मिल सके।

<u>ऋण जमा अनुपात (CD Ratio) :</u>

जून 2017 तक का प्रदेश के समस्त कामर्शियल बैंको (ग्रामीण बैंको सहित) ऋण जमा अनुपात का स्तर 46.77% रहा है जो मार्च 2017 के 46.25% के सापेक्ष मामूली वृद्धि 0.56% दर्शाता है। पिछली तिमाही की एस.एल.बी.सी. की समीक्षा बैठक के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने इस मुद्ददे की महत्ता देखते हुए एस.एल.बी.सी. की विशेष सब कमेटी उन जिलो में जहाँ ऋण जमा अनुपात 40% से कम है, आहूत करने और ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास, रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बैंकर्स से इस हेतु विशेष प्रयत्न करने का अनुरोध किया।

<u>लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को अग्रिम - पी.एम.एम.वाई./स्टैण्ड अप इण्डिया कार्यक्रम का क्रियांवयन :</u>

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2016-17 के लिए वार्षिक निर्धारित लक्ष्य रू. 10313.70 करोड़ के सापेक्ष रू. 9528.26 करोड़ की प्राप्ति की है जो 91.24% की लक्ष्य प्राप्ति दर्शाता है। यह योजना वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी जारी है तथा वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए इस योजना में निर्धारित लक्ष्य रू. 12461.25 करोड़ है। दिनांक 31.08.2017 तक बैंको द्वारा कुल रू 2960.78 करोड़ वितरित किये जा चुके है जो 23.75% की प्रगति प्रदर्शित करती है।

अवगत हो कि स्टैण्ड अप इण्डिया कार्यक्रम, अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिला उद्यमियों के लाभ के लिए लागू किया गया है। इस योजना में अभी तक क्रमश: 4306 तथा 2684 लाभार्थियों को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण बैंको द्वारा किया गया है। जिसके अंतर्गत धनराशि रू.828.60 करोड़ स्वीकृति तथा रू. 367.00 करोड़ वितरित किये जा चुके है।

<u>ऋण वसूली</u> - कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंक ऋणों की समग्र वसूली क्रमश: 61.79% एवं 62.80% रही है। यह वसूली गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि में की गई वसूली यथा 65.17% तथा 66.61% से कम है।

उन्होंने राज्य के सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की कि वे बैंको का यथा सम्भव सहयोग करें ताकि वसूली में अपेक्षित सुधार आये। इसका सीधा असर प्रदेश में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को बढ़ाने पर पड़ेगा।

अंत में उन्होंने सभी उपस्थित गण मान्य अतिथियों तथा प्रतिभागियों की प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदारी एवं गरिमामयी उपस्थिति पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री नवनीत सहगल, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, उ.प्र. शासन ने इस बैठक में अपनी सहभागिता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रदेश में मुख्यत: कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम एवं ऋण जमा अनुपात पर जोर देकर कहा कि प्रदेश के ऋण जमा अनुपात विषय पर सरकार चिंतित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार के जितने अवसर उत्पन्न होंगे उसी अनुपात में प्रदेश का विकास होगा। इस हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रम के तहत बैंको को सम्बन्धित सरकारी एजेंसीज द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाभार्थियों के प्रार्थना पत्र एजेंसी स्तर पर चयनित करके बैंको को आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित किये गये है। इन योजनाओं के काफी अधिक संख्या में आवेदन पत्र बैंक स्तर पर अधिक समय तक विचार हेतु लम्बित रहते है। इनका निस्तारण पूर्ण रूप से नही किया जाता है जिससे चयनित लाभार्थी का आवेदन पत्र अनिर्णित रहता है एवं वह किसी अन्य योजना में भी प्रतिभाग नही कर पाता है अर्थात आवेदन नहीं कर पाता है। उन्होंने बैंको से अपील की कि बैंक अपने स्तर पर सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित आवेदन पत्रों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करायें। इन योजनाओं से सम्बन्धित आवेदन पत्रों की गुणवत्ता पर यदि सन्देह हो तो इसमें सुधार हेतु अपने सुझाव, सरकारी एजेंसीज को भेजे जा सकते है। उन्होंने सुझाव दिया कि बैंक प्रायोजित आवेदन पत्रों पर यथा शीघ्र निर्णय लेकर निस्तारित करने की प्रक्रिया अपनाएँ। निरस्त आवेदन पत्रों को यथाशीघ्र प्रायोजक एजेंसी को वापस कर दें ताकि अन्य उपयुक्त लाभार्थी का चयन किया जा सके एवं आवंटित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस हेतु उन्होंने बैंको से यथोचित सहयोग की अपील की। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान सरकार द्वारा बजट मे से लगभग रू. 36000 करोड़ की धनराशि किसानों के ऋणों की एक सीमा तक माफी हेतु बैंको को प्रदान किया गया। इसकी भरपाई तभी हो पायेगी जब प्रदेश में रोजगार के अधिक अवसर उत्पन्न होंगे जिसके फलस्वरूप आर्थिक गतिविधियाँ उच्च स्तर पर होंगी।

लाभार्थियों को बैंको द्वारा प्रदान किये गये ऋणों की वसूली में राज्य सरकार बैंको की मदद करती है। इसीलिए उन्हें वांछित ऋण राशि प्रदान कर प्रदेश की आर्थिक गतिविधि में सहयोगी होने का अवसर प्रदान करें।

श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की अध्यक्षता हेतु पधारी कार्यकारी अधिकारी श्रीमती पापिया सेन गुप्ता; श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव एवं उपस्थित समस्त महाप्रबन्धकों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के आर्थिक विकास को विमुद्रीकरण के पश्चात एक चुनौतीपूर्ण कार्य बताया। एक तरफ जनता अपने लेन देन के व्यवहार को बैंको के माध्यम से चाहती है दूसरी ओर वर्तमान संसाधन अभी वांछित लक्ष्य की पूर्ति हेतु पर्याप्त नही है। सरकारी बैंको को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सुधारात्मक उपाय अपनाने हेतु निर्देश जारी किये गये है।

- छः सरकारी बैंको पर सुधारात्मक निर्देश जारी करने का मुख्य कारण बैंको के एन.पी.ए. पोर्टफोलियों में अत्यधिक वृद्धि का होना है। अतः वर्तमान परिस्थितियों में न केवल चिन्हित सरकारी बैंको के एन.पी.ए. स्तर को कम करना है वरन सभी बैंको के एन.पी.ए स्तर को नियंत्रित तथा कम करना प्राथमिकता है। अतः हमें वसूली कार्यक्रम को बहुत ही कारगर एवं प्रभावी तरीके से चलाना है। इस हेतु राज्य सरकार से बैंको की ऋण वसूली हेतु आवश्यक सहयोग आवश्यक है।
- उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों हेतु आयोजित किये जा रहे विभिन्न कैम्पों के आयोजन की चर्चा की तथा बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों की संख्या अच्छी खासी है। अतः इस सेक्टर को समुचित ऋण प्रवाह आवश्यक है।
- राज्य सरकार की कृषि ऋण मोचन योजना स्वागत योग्य है, ऋण मोचन प्रक्रिया का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है। द्वितीय तथा तृतीय चरण की प्रक्रिया पूर्ण होनी है।
- प्रदेश मे बैंक शाखाऐं खोलने के कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे बहुत से कारक है जो इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने मे आड़े आ रहे है।
- उन्होने कहा निःसन्देह बैंक शाखा खोलने से आर्थिक गतिविधियों में बढोत्तरी होती है। लोगो को बैंकिंग सुविधा मिलने से कारोबार में मदद मिलती है। बैंकिंग गतिविधियाँ ऋण जमानुपात भी प्रभावित करता है। कुछ बैंको पर सुधारात्मक उपाय लागू होने तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपलब्धता भी बैंक शाखा खोलने की प्रक्रिया को बाधित करता है। उन्होंने बैंकर्स को सुझाव दिया कि वे बिना बैंको वाले ऐसे स्थान खोजे जहाँ कोई भी बैंक शाखा नही है। ऐसे स्थानों पर सी.बी.एस. युक्त बैंक शाखा प्राथमिकता के आधार पर खोलने का कार्य किया जा सकता है। बिना बैंक शाखा के बाद ऐसे स्थानों का चयन करें जहाँ जनसंख्या के सापेक्ष बैंकिग सुविधा अपर्याप्त है तथा वर्तमान बैंकिंग व्यवस्था नागरिकों को समस्त सुविधाएँ व पर्याप्त ऋण प्रदान करने मे अपर्याप्त है। ऐसे स्थानों पर शाखा खोलने की कार्य योजना बनाएँ।
- ऋण जमा अनुपात बढ़ाने हेतु यथा सम्भव ऋण प्रवाह की कार्य योजना बनाएँ।

अपने सम्बोधन के अंत में उन्होंने दिसम्बर 2017 तक प्रदेश में -571- शाखाएँ खोलने के लक्ष्य के शत प्रतिशत पूर्ति हेतु अनुरोध किया।

गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के उपरांत पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत स्थिति प्रस्तुत की गयी -

कार्यसूची संख्या - 1

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 28.06.2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :

विगत बैठक दिनांक 28.06.2017 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत्त जो सभी सदस्यों को दिनांक 06.09.2017 को प्रेषित किया गया था, की सदन द्वारा पुष्टि की गयी।

कार्यसूची संख्या - 2

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 28.06.2017 को आयोजित बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट

1. प्रदेश के सभी जनपदों में बैंको द्वारा आर - सेटी संस्थानो की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम 1 एकड़ भूमि का नि:शुल्क आवंटन :

सदन में विषयक चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि भूमि आवंटन, भूमि अधिग्रहण, समझौता ज्ञापन का निष्पादन तथा लीज डीज का निष्पादन आदि कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित बैंको व एस.एल.बी.सी. की उपसमिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। यह भी अवगत कराया गया कि प्रदेश के -2- जनपदों यथा बदायूँ और झाँसी में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा नयी आर- सेटी की स्थापना की जा चुकी है एवं -3- जनपदों यथा शामली, सम्भल और हापुड़ में नयी आर- सेटी की स्थापना हेतु सम्बन्धित बैंको एवं ग्रामीण विकास विभाग, उ.प्र. द्वारा ग्राम्य विकास विभाग, भारत सरकार के साथ अनुश्रवण किया जा रहा है।

2. प्रधानमंत्री जन- धन योजना के अंतर्गत जारी रूपे कार्ड के वितरण एवं सक्रियकरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में आधार संख्या की सीडिंग करना :

सदन को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री जन- धन योजना के अंतर्गत खुले सभी पात्र खातों में जारी रूपे कार्ड के वितरण एवं उनके एक्टिवेशन हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत सभी बैंको द्वारा कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत कार्ड वितरण एवं एक्टिवेशन हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। साथ ही साथ मनरेगा श्रमिकों के खातों, पी.एम.जे.डी.वाई के अंतर्गत खुले खातों व सिविल पेंशनर खातों में आधार सीडिंग का कार्य बैंकों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

3. 5000 एवं अधिक की जनसंख्या वाले ऐसे गाँव जहाँ कोई भी बैंक शाखा नहीं है, वहाँ बैंको द्वारा ब्रिक एवं मोर्टार शाखा खोलने हेतु रोडमैप:

सदन में इस बिन्दु पर चर्चा की गयी। अद्यतन शिथिल प्रगति के दृष्टिगत सभी बैंको द्वारा चिन्हित केन्द्रों पर बैंक शाखा खोलने की प्रक्रिया पर अविलम्ब प्रभावी कार्यवाही कर समय-सीमा में शाखाओं को खोलने की कार्यवाही सम्पादित करने हेतु अनुरोध दोहराया गया।

4. बैंक मित्रों की स्थिति:

प्रदेश में वित्तीय साक्षरता के प्रचार- प्रसार हेतु समस्त बैंको द्वारा बैंक मित्रों (Business Correspondents) की नियुक्ति कर उनकी सेवायें ली जा रही हैं। उनकी कार्य प्रणाली पर सदन में चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान सदन को बताया गया कि विगत दिनों में प्रदेश में सक्रिय बैंक मित्रों का प्रतिशत 88.91 से बढकर 89.34 हुआ है व कुल सक्रिय बैंक मित्रों की संख्या 18918 हो गयी है।

5. बैंको द्वारा LBS MIS- I, II और III विवरणी का ससमय प्रेषण :

एस.एल.बी.सी. द्वारा सदन में उपस्थित समस्त सम्बद्ध को इन विवरणियों के प्रेषण की महत्ता बताते हुए इनके सुसंगत आँकड़ो के ससमय प्रेषण हेतु अनुरोध दोहराया गया।

कार्यसूची संख्या - 3

वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों का क्रियांवयन

क) प्रधानमंत्री जन - धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.)

भारत सरकार द्वारा 15.08.2014 से प्रारम्भ की गयी इस योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए इस योजना के अंतर्गत दिनांक 25.08.2017 तक 4.60 करोड़ खाते खोले जा चुके है तथा पिछली रिपोर्टिंग दिनांक 17.05.2017 से कुल 13 लाख नये खाते 3 माह की अवधि में खोले गये तथा इसी अवधि में लगभग 7.5 लाख नये रूपे कार्ड जारी हुए जिनकी कुल संख्या समीक्षा अवधि में 3.61 करोड़ तक पहुँच चुकी है।

इसी के साथ डी.बी.टी. योजना के सफल क्रियांवयन के लिए निष्क्रिय बैंक मित्रों को सक्रिय कराने एवं नये बैंक मित्र बनाने पर विचार किया गया। सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कार्यरत समस्त बैंक मित्रों के पास AEPS (Aadhaar Enabled Payment System) आधारित ट्रांसेक्शन मशीन उपलब्ध है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार, डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में -8- स्थानो पर मेगा डिजी धन मेलो का आयोजन किया गया जिसमें जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

ख) सुरक्षा योजनाओं का क्रियांवयन -

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ यथा "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना" व "प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना" एवं एक पेंशन योजना "अटल पेंशन योजना" के अंतर्गत प्रदेश में बैंको द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया गया है। सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत दावों के निस्तारण पर बैंको, बीमा कम्पनियों मे त्वरित गति से कार्य करने का निर्णय लिया गया। अटल पेंशन योजना, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र तथा प्राइवेट सेक्टर एवं स्वरोजगार व्यक्तियों को 60 वर्ष की आयु उपरांत उन्हें पेंशन उपलब्ध कराना है। इस योजना अंतर्गत प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदेश में 07.09.2017 तक अटल पेंशन योजना में 8,50,295 अंश धारक अपना पंजीकरण करवा चुके है।

ग) स्कूल बैंक चैम्प्स कार्यक्रम -

भारतीय बैंक संघ ने वित्तीय साक्षरता की पृष्ठभूमि में स्कूल विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से अवगत कराने एवं वित्तीय जागरूकता की भावना उत्पन्न कराने हेतु स्कूल बैंक चैम्प्स प्रोग्राम का शुभारम्भ किया है। इस पहल के अंतर्गत बैंको की सभी शाखाओं द्वारा एक विद्यालय को अंगीकृत किया जाना है। तत्पश्चात विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से सम्बन्धित प्रशिक्षण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। अब तक प्रदेश में अंगीकृत 9649 स्कूलों में 8809 प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर 469803 विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम को आगे भी चलाया जाना है।

घ) कौशल विकास केन्द्रों की वित्तीय साक्षरता केन्द्र से मैपिंग -

वित्तीय साक्षरता की पृष्ठभूमि में कौशल विकास संस्थानों जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सरकारी एवं गैर सरकारी) व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं परिचालन केन्द्र की अग्रणी जिलों में कार्यरत वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के साथ मैप कराया जा रहा है। प्रदेश में अंगीकृत 1957 सक्रिय कौशल केन्द्रो में 1315 प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर 66592 विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता प्रदान की गयी।

च) जन- धन शिक्षा कार्यक्रम:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय जागरूकता उत्पन्न करने हेतु जन धन शिक्षा का शुभारम्भ किया। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में 100 विद्यालयों को अंगीकृत किया जाना है। तत्पश्चात विद्यार्थियों को सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। बैंको से विद्यालयों की मैपिंग का कार्य एस.एल.बी.सी. द्वारा पूर्ण किया गया है।

छ) वित्तीय समावेशन के तहत अन्य कार्यक्रम :

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की सघन समीक्षा राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा बैंको के साथ लगातार समीक्षा बैठक एवं वीडियों क्रांफेंसिंग के माध्यम से की जा रही है। इस सन्दर्भ में दो मुख्य बिन्दुओं पर जोर दिया गया है-

1) जारी किये गये सभी रूपे कार्ड्स एवं पिन का वितरण एवं एक्टीवेशन

2) जीरो बैलेंस खातों में फण्डिंग

ज) बैंक खातों में आधार प्रविष्टिकरण एवं अधिप्रमाणन :

भारत सरकार ने किसी भी प्रकार की सरकारी अनुदान प्राप्त करने हेतु आधार की अनिवार्यता आवश्यक कर दिया है। भारत सरकार ने Prevention of Money Laundering (Maintenance of Records) Rules 2005 में संशोधन कर बैंको मे 01.06.2017 से खोले जाने वाले खातों में आधार संख्या अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी मौजूदा बैंक खातों में 31.12.2017 तक आधार लिंकिंग तथा सत्यापित करना अनिवार्य कर दिया गया है।

झ) डिजिटल बैंकिंग:

विमुद्रीकरण के पश्चात कैश लेश लेन देन को बढ़ावा देने हेतु बैंको ने आधार युक्त जमा भुगतान एवं रूपे कार्ड आधारित जमा भुगतान शुरू किया है। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंको द्वारा मोबाइल बैंकिंग, यू.पी.आई. (Unified Payment Gateway); भीम (Bhim) इत्यादि जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध करायी जा रही है।

डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2017-18 में रू. 312 करोड़ डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसमें से बैंको को अपने स्तर पर इलेक्ट्रानिकली ट्रांजेक्शन यथा एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस./आई.म.पी.एस. क्रेडिट, डेबिट कार्ड, पांइट ऑफ सेल, आधार आदि से पूर्ण करना है। बैंको द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रथम -4- माह में लगभग 44 करोड़ 74 लाख ट्रांजेक्शन इस श्रेणी में किये जा चुके है।

कार्यसूची संख्या - 4

(हथकरघा क्षेत्र के अंतर्गत बुनकर क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियांवयन- प्रधानमंत्री बुनकर मुद्रा योजना)

इस योजना का मुख्य उद्देश्य बुनकरों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप वित्तीय सहायता पहुँचाना है जो कार्यशील पूंजी और टर्म कोन के रूप में होती है। इस योजना के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों को बुनकर क्रेडिट कार्ड के रूप में वित्त पोषण किया जाता है। उल्लेखनीय है कि अब बुनकर समुदाय हेतु ऋण सुविधा "मुद्रा योजना" के अंतर्गत कवर की जायेगी और यह योजना "प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर - मुद्रा योजना" के नाम से जानी जायेगी। इस सन्दर्भ में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संशोधित दिशा निर्देश प्रेषित किये गये है। प्रदेश में -7- हथकरघा क्लस्टर चिन्हित किये गये है और वित्तीय वर्ष 2016-17; 2017-18 एवं 2018-19 के लिए क्लस्टवार एवं बैंकवार कार्य योजना तैयार करने के दिशा निर्देश चिन्हित बैंको द्वारा प्रेषित किया गया है। इस कार्यक्रम के क्रियांवयन एवं मूल्यांकन हेतु एस.एल.बी.सी. की एक सब कमेटी सिंडीकेट बैंक के समन्वय में गठित है, जिसकी नियमित बैंक के आयोजित कर प्रगति समीक्षा की जानी है।

कार्यसूची संख्या - 5

(वार्षिक ऋण योजना 2017-18 की समीक्षा)

वार्षिक ऋण योजना 2017-18 के अंतर्गत जून 2017 तक की बैंकवार/ सेक्टरवार प्रगति सदन के समक्ष एजेण्डा पुस्तिका के माध्यम से प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार प्रथम त्रैमास की वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष कुल उपलब्धि

16.17% रही इसमें सेक्टरवार प्रगति का प्रतिशत क्रमश: कृषि - 15.79%; लघु उद्यम- 21.16% एवं सेवा क्षेत्र- 12.61% दर्ज किया गया।

वार्षिक ऋण योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 के सापेक्ष 2017-18 के लिए यह योजना रू. 32560.59 करोड अधिक रखी गई है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के जून 2017 तक गत वर्ष की समान अवधि के लिए रू.4524 करोड धनराशि कम वितरित हुई।

प्रस्तुत आँकड़ो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि वाणिज्यिक तथा निजी क्षेत्र के बैंको व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत प्रगति 18.08% व 9.84% रही है। कोआपरेटिव बैंको की प्रगति का प्रतिशत 16.21% रहा है।

समस्त सदस्य बैंको को पुन: स्मरण कराया गया कि अग्रणी जिलों से सम्बन्धित समस्त आँकड़ो के समेकन हेतु एल.बी.एस. एम.आई.एस. (LBS MIS) का ससमय प्रेषण एस.एल.बी.सी. को करना सुनिश्चित करें ताकि समेकित डाटा भारतीय रिजर्व बैंक, संस्थागत वित्त महानिदेशालय व अन्य एजेंसीज को निर्धारित समयावधि पर किया जा सके।

सदन को अवगत कराया गया कि नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा दिनांक 29.06.2017 को राज्य स्तरीय यूनिट कॉस्ट कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें कमेटी द्वारा कृषि क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों हेतु यूनिस्ट कास्ट का आंकलन कर निर्धारण किया गया। नाबार्ड से प्राप्त इस समिति की बैठक का सम्पूर्ण कार्यवृत्त सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कार्यसूची संख्या - 6
(ऋण जमा अनुपात)

प्रदेश के कम ऋण जमा अनुपात पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और इसे योजनाबद्ध तरीके से बढाने हेतु विचार किया गया। इस सन्दर्भ में प्रदेश के जून 2017 त्रैमास की प्रगति सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिसमें मार्च 2017 के सापेक्ष बढ़ोतरी और घटोतरी की समीक्षा हुई। वाणिज्यिक बैंको + क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको का जून 2017 तक का ऋण जमा अनुपात जून 2016 के सापेक्ष 6.06% कम हुआ। इसी क्रम में -18- ऐसे जिले हैं जिनका ऋण जमा अनुपात 40% से कम है।

ऐसे जनपदों के ऋण जमा अनुपात का अवलोकन किया गया तथा बल दिया गया कि इस हेतु सघन प्रयास किये जाये ताकि ऋण जमा अनुपात में सार्थक एवं सकारात्मक वृद्धि हो सके। बैंको से अनुरोध किया गया कि बैंक अपने स्तर पर जिला स्तरीय परामर्श समितियों को निर्देशित करें व मीटिंग में हुई प्रगति से एस.एल.बी.सी. को अवगत करायें। यह अवगत कराया गया कि प्रदेश में ऋण जमा अनुपात की समीक्षा हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की संयोजकता में एक उपसमिति गठित की गयी है जो इस योजना की समीक्षा करती है और जिसकी समीक्षा बैठक निरंतर होती है।

कार्यसूची संख्या - 7
(पूर्वी भारत में हरित क्रांति योजनांतर्गत प्रदेश में कृषि ऋण प्रवाह की समीक्षा)

सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश के -28- पूर्वी जनपदों जहाँ इस योजना का क्रियांवयन किया जा रहा है, में नाबार्ड द्वारा प्रेषित सब प्लान के अंतर्गत हो रही कार्यवाही की यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा गठित उपसमिति की बैठकों में विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार से अनुरोध किया गया कि इस समीक्षा बैठक में सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए जिससे सभी विभागों द्वारा सम्बन्धित प्रगति की सार्थक चर्चा की जा सके।

कार्यसूची संख्या - 8

(किसान क्रेडिट कार्ड/ फसली ऋण/व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना/प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना)

सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कार्यरत सभी बैंको द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजनांतर्गत आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। योजनांतर्गत चालू वित्तीय वर्ष हेतु प्रदेश में कुल 35 लाख के.सी.सी. जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष समीक्षा अवधि तक कुल 723334 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गये है जिनमें कुल 212311 नये कार्ड जारी किये गये एवं शेष 511023 कार्डो का नवीनीकरण किया गया। साथ ही साथ यह योजना भी बीमा से आच्छादित है जिसमें किसान का एक व्यक्तिगत बीमा एवं दूसरा दिए गये ऋण का बीमा होता है।

